# भीषण बारिश और बाढ़ की चपेट में उत्तर भारत

## पंजाब-प्रयागराज के हालात भयावह, लोग बेघर, घाट डूबे, प्रशासन अलर्ट मोड पर

**चंडीगढ़/मुंबई/प्रयागराज, 28 अगस्त. उत्तर भारत इन दिनों मूसलाधार बारिश और उसके बाद आई भीषण बाढ़ की चपेट में है. पंजाब, उत्तर प्रदेश प्रयागराज, मुंबई से लेकर राजस्थान तक जल प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है.**

अमृतसर में लगभग 40 गांव जलमग्न हैं. रावी, ब्यास, सतलुज, गंगा और यमुना नदियों के उफान पर आने से सैकड़ों गांव डूब चुके हैं, हजारों लोग प्रभावित हैं. जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में लगातार बारिश और बढ़ते जल स्तर के बाद सेना ने नागरिक प्रशासन की आवश्यकता के आधार पर व्यापक सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू किया है. सेना प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां जारी बयान में बताया कि ये अभियान सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए तेज़ी से चलाये गये, जिसका उद्देश्य नागरिकों को राहत और बचाव प्रदान करना था.



**28 सैन्य टुकड़ियां सक्रिय :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का उफान लगातार बढ़ता जा रहा है. बीते 24 घंटे में गंगा नदी फाफामऊ में 97 सेंटीमीटर और छतनाग में 44 सेंटीमीटर तक बढ़ चुकी है. वहीं, नैनी में यमुना का जलस्तर 27 सेंटीमीटर बढ़ा है. सुबह 8 बजे फाफामऊ में जलस्तर 84.39 मीटर, छतनाग में 83.56 मीटर और नैनी में 84.09 मीटर दर्ज किया गया. इस तेज़ी से बढ़ते जलस्तर के कारण संगम के सभी प्रमुख घाट पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं और पानी रिहायशी इलाकों तक पहुंच चुका है. लोगों को अपने घरों को खाली करने पर मजबूर होना पड़ रहा है.

### मुंबई में येलो अलर्ट लगातार जारी

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के कुछ हिस्सों में गुरुवार को छिटपुट बारिश हुई तथा मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट लगातार जारी रखा है. मुंबई में हालांकि आज बहुत तेज़ बारिश होने का अनुमान नहीं है, लेकिन रुक-रुक कर बारिश जारी रहने के आसार हैं. दिन का तापमान 26 डिग्री से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा.

## बॉम्बे उच्च न्यायालय में 14 अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 14 अधिवक्ताओं को बॉम्बे उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है. विधि व न्याय मंत्रालय ने बताया कि ये नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद की गई. अतिरिक्त न्यायाधीशों में सिद्धेश्वर सुंदरराव थोम्ब्रे, मेहरोज अशरफ खान पठान, रणजीतसिंह राजा भोंसले, नंदेश शंकरराव देशपांडे, अमित जामसंदेकर, आशीष सहदेव चव्हाण, संदेश दादासाहेब पाटिल, वैशाली निम्बाजीराव पाटिल जाधव, आबासाहेब धर्मजी शिंदे, श्रीराम विनायक शिरसाट, हितेन शामराव वेनेगावकर, फरहान परवेज़ दुबाश, रजनीश रत्नाकर व्यास और राज दामोदर वाकोडे शामिल हैं.

## प्रधानमंत्री मोदी पर अपशब्द मामले में राहुल पर केस दर्ज

**बिहार (पटना), 28 अगस्त. कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों का आरोप; बिहार बीजेपी नेता ने की कानूनी कार्रवाई की मांग.**

बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं. बीजेपी कार्यकारिणी के सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने गांधी मैदान थाना में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. आरोप है कि राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया और बार-बार अमर्यादित भाषा का उपयोग किया है. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि दरभंगा में कांग्रेस नेताओं के मंच से न केवल प्रधानमंत्री मोदी बल्कि उनकी मां को लेकर भी आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया. कृष्ण सिंह कल्लू ने इसे देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रधानमंत्री पद का सीधा अपमान करार दिया है. बीजेपी नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि यह शर्मनाक और असंवैधानिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल गांधी मैदान थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.



### बिहारियों का अपमान कर रहा है विपक्ष : रविशंकर



**नालंदा.** बिहारशरीफ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दरभंगा में राहुल गांधी के मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गयी कथित अपशब्दों के प्रयोग की भर्त्सना की है. राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी के लिए की गई अभद्र भाषा बेहद शर्मनाक और निंदनीय है. यह घटना न केवल प्रधानमंत्री मोदी के मां के प्रति अपमानजनक है, बल्कि यह पूरे देश के लिए भी एक शर्मनाक क्षण है. प्रधानमंत्री एक गरीब माँ के बेटे हैं, जिन्होंने संघर्ष और संस्कार से बेटे में राष्ट्रसेवा की भावना भरी और आज 140 करोड़ देशवासियों की सेवा पूरी तन मन से कर रहे हैं. उनकी माता जी के संस्कार और उनके जीवन के आदर्शों ने उन्हें एक सच्चे देशभक्त और दुनिया का लोकप्रियतम नेता बनाया है.

# टैरिफ की चुनौती को अवसर में बदलेंगे : सीएम फडणवीस

### अमेरिकी शुल्क के बीच महाराष्ट्र सरकार का ऐलान

**मुंबई 27 अगस्त. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए 50 प्रतिशत आयात शुल्क की चुनौती को वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के अवसर में बदलने का संकल्प व्यक्त किया.**

फडणवीस ने प्रदेश की जनता को गणेशोत्सव की शुभकामनाओं के साथ कहा कि राज्य सरकार भारतीय उत्पादों के वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी. सीएम ने कहा आर्थिक चुनौती से निपटने के लिए राज्य सरकार ने एक वॉर रूम स्थापित किया है. योजनाओं में उत्पादन लागत कम करना, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाना और दुनिया भर के नए बाजारों पर अपना प्रभुत्व शामिल करना है. उन्होंने कहा कि सरकार ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 100 सुधार करने का संकल्प लिया है.



## रूस ने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक उद्यमों और हवाई अड्डों पर हमला

**मॉस्को, 28 अगस्त.** रूसी सेना ने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक उद्यमों और हवाई अड्डों पर जोरदार हमले को अंजाम दिया है. रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की है. मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, इस हमले में लंबी दूरी से सटीक निशाना लगाने वाले हवाई हथियार, किंजल हाइपरसोनिक एरोबैलिस्टिक मिसाइलें और लड़ाकू ड्रोन शामिल थे. मंत्रालय ने कहा, हमलावर अभियान सफल रहा और अपने लक्ष्यों को हासिल किया. राष्ट्रपति वोल्दीमिर जेलेंस्की ने भी इससे पहले अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि रूस ने हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ एक और बड़ा हमला किया है.

# यूपी में उद्यमी समर्थक व्यापार मॉडल आएगा

### सीएम योगी बोले- सुधारों की ओर बढ़ रही सरकार

**लखनऊ, 28 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है और औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित करना भी जरुरी है.**

योगी ने गुरुवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों. मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है. इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, इसके अलापवा सिनेमा अधिनियम व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है. बैठक में बताया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है. अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो. प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने जैसे कदम शामिल हैं.



### एक नजर में



## दक्षिण-पश्चिमी जापान में ज्वालामुखी विस्फोट

**टोक्यो, 28 अगस्त.** जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य क्यूशू द्वीप स्थित ज्वालामुखी माउंट शिनमो में आज हुए विस्फोट के बाद 5,500 मीटर ऊंचाई तक धूल और धुएं का गुबार दर्ज किया गया. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है. क्योदो न्यूज़ ने जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के हवाले से बताया कि कागोशिमा और मियाज़ाकी प्रान्तों के बीच स्थित 1,421 मीटर ऊंचा ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार सुबह 4-53 बजे फटा, जिससे ज्वालामुखी लावा और धूल का गुबार क्रेटर से 5,000 मीटर ऊपर पहुंच गया. रिपोर्ट में कहा गया है, जेएमए ने 5 अंकों वाले सतर्कता स्तर पैमाने से अब स्तर तीन का अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से मियाज़ाकी और कागोशिमा क्षेत्रों में क्रेटर के पास नहीं जाने का आग्रह किया है. जापान में इस समय 50 सक्रिय ज्वालामुखी हैं जिनकी लगातार निगरानी की जा रही है.

## सरकारी बस की टक्कर से 5 की मौत, 2 घायल

**कासरगोड, 28 अगस्त.** कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की एक बस के अनियंत्रित होकर केरल-कर्नाटक सीमा के पास थालापडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ऑटो रिक्शा से टकरा जाने से हुए हादसे में 3 महिलाएं और एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई है. पुलिस की प्राथमिक रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कासरगोड में हुए इस हादसे में तीन महिलाओं और एक 10 वर्षीय लड़के साथ साथ ऑटोरिक्शा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है. वहीं, बस स्टैंड पर खड़े 2 अन्य लोगों को भी गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज मैंगलोर अस्पताल में चल रहा है. सभी मृतक कर्नाटक के ही रहने वाले हैं.

## पीरपैंती में बनेगा 23.36 करोड़ से आरसीसी पुल

**पटना, 28 अगस्त.** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को बताया भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखण्ड के डोमनिया चौक से बाबूपुर भाया बाखरपुर पथ के छठे किलोमीटर पर एक उच्च स्तरीय आरसीसी पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है. चौधरी ने बयान जारी कर बताया कि यह पुल 6×21 मीटर आकार का होगा. पुल के साथ पहुंच पथ का भी निर्माण किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल 2336.44 लाख रुपये की लागत आएगी. उप मुख्यमंत्री ने बताया कि निविदा की स्वीकृति मिलने के बाद काम प्रारंभ किया जाएगा.

# संभल में 15% हिंदू आबादी पर चिंता

- संभल में मुस्लिम आबादी 85 फीसदी के पार
- न्यायिक आयोग ने योगी को सौंपी 450 पन्नों की रिपोर्ट

**लखनऊ, 28 अगस्त. उत्तर प्रदेश में पिछले साल 24 नवंबर को संभल जिले में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की रिपोर्ट गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गयी.**

संभल हिंसा के कारणों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने हिंदू जनसंख्या में कमी और जामा मस्जिद को शिव मंदिर बताकर हिंदुओं द्वारा किए गए दावे के बारे में कई निष्कर्ष निकाले हैं. न्यायिक आयोग ने योगी को 450 पृष्ठों की रिपोर्ट सौंप हैं. इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद भी सदस्य थे. रिपोर्ट सौंपते समय मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद तथा प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद थे. रिपोर्ट को मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा.



प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया कि संभल हिंसा की न्यायिक रिपोर्ट आज सरकार को सौंप दी गई है.उन्होंने कहा, हम रिपोर्ट की जाँच कर रहे हैं और उसके बाद कार्रवाई करेंगे. रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर, 2024 को हुई हिंसा का वर्णन है, बल्कि संभल में हुए अन्य दंगों का भी ज़िक्र है. सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि बार-बार हुए दंगों के कारण संभल में हिंदू आबादी घटती गई. अब वहाँ केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, बाकी पलायन कर गए हैं. आज़ादी के समय संभल नगर पालिका में 45 प्रतिशत हिंदू थे.

# अमेरिका वीजा की घट सकती है अवधि, नियम बदलने पर विचार

**वाशिंगटन, 28 अगस्त. अमेरिकी प्रशासन अपने वीजा नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है और अगर ये नियम स्वीकृत हो जाते हैं तो इससे अमेरिका में रह रहे वीजा धारकों की समयावधि घट जाएगी.**

विदेशी छात्रों को अपने देश जल्द वापस लौटना पड़ सकता है. अमेरिकी गृह विभाग ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि ये प्रस्तावित नियम अगर स्वीकार हो जाते हैं तो इससे वीज़ा के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा और शासन की इन व्यक्तियों की जांच और निगरानी करने की क्षमता बढ़ेगी. यह नियम कुछ ही तरह की वीजा श्रेणी पर लागू होगा और इस श्रेणी में विदेशी छात्रों को मिलने वाला वीजा भी शामिल है. अमेरिका के गृह विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, बहुत लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीज़ा धारकों को लगभग अनिश्चित काल तक अमेरिका में रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा होता है, करदाताओं के अनगिनत डॉलर खर्च होते हैं, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान होता है. उन्होंने कहा, यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीज़ा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित करके इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा.

### आज का इतिहास

- 1612 – सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तग़ालियों को हराया।
- 1833 – ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
- 1842 – ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये। अफ़ीम युद्ध समाप्त।
- 1914 – न्यूजीलैंड सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया।
- 1916 – अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की- फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
- 1932 – नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।

# झारखंड विधानसभा में जोरदार हंगामा, प्रश्नकाल बाधित

**रांची, 28अगस्त. झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के चौथे और अंतिम दिन विपक्ष ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरते हुए सदन में जोरदार प्रदर्शन किया जिसके कारण प्रश्न कल बाधित हो गया.**

भाजपा के विधायकों ने झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक-2025 को राज्यपाल के संवैधानिक अधिकारों पर हमला करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की. विपक्ष का आरोप था कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर राजनीतिक पूर्वाग्रह से फैसले ले रही है. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के नगड़ी में रिम्स टू हॉस्पिटल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का भी मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों और रैयतों की जमीन जबरन छीन रही है.

24 अगस्त को किसानों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग किया और बाद में 85 किसानों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी. मरांडी ने मांग की कि किसानों को उनकी जमीन लौटाई जाए. विधानसभा की आज कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे. हंगामे की वजह से प्रश्नकाल बाधित हुआ और स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने नाराजगी जताई.

## श्रीलंका में त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतें होगी शुरू

**कोलंबो, 28 अगस्त.** श्रीलंका के संसदीय कार्य मंत्री ने गुरुवार को कहा कि देश में संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित की जाएंगी. इंडोनेशिया में संगठित अपराधों से जुड़े कई श्रीलंकाई नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सार्वजनिक सुरक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री आनंद विजेपाला ने कहा कि ऐसी अदालतें स्थापित करने से मुकदमों में तेजी लाने में एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि सरकार ने आपराधिक नेटवर्कों से जुड़े लोगों को बड़ी संख्या में पहले ही गिरफ्तार कर लिया है.

# बीएसएफ-बीजीबी अपराध रोकने कदम उठायेंगे

**नई दिल्ली 28 अगस्त. सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने सीमा पर समन्वित गश्त और सतर्कता बढाने तथा एहतियाती उपाय अपनाकर सीमा पार अपराध रोकने के लिए मिलकर प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है.**

सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच ढाका में चार दिन तक चले महानिदेशक स्तर के 56 वें सम्मेलन के गुरुवार को समापन सत्र के दौरान यह सहमति बनी. सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी और बंगलादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजीबी के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया.



दोनों पक्षों ने एक-दूसरे द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को स्वीकार किया और समन्वित गश्त बढ़ाने, सतर्कता बढ़ाने तथा एहतियाती उपाय अपनाकर सीमा पार अपराध रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की. दोनों पक्ष जन जागरूकता कार्यक्रमों को तेज़ करके, सीमावर्ती आबादी को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के बारे में शिक्षित करने और सीमा पार अपराध की घटनाओं को कम करने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर भी सहमत हुए.

दोनों सीमा प्रहरियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 150 गज के भीतर लंबित विकास कार्यों के लिए सहमति के वास्ते संबंधित उच्च अधिकारियों के साथ बातचीत करने पर पारस्परिक सहमति व्यक्त की. दोनों पक्ष आपसी सहमति के आधार पर और बिना किसी अनावश्यक बाधा के, संयुक्त नदी आयोग द्वारा अनुमोदित, साझा सीमावर्ती नदियों के तट-संरक्षण कार्यों को सुगम बनाने पर भी सहमत हुए. सीमा सुरक्षा बल ने एसआरएफ जिसकी डिफेन्स की क्षमता नहीं है, के शीघ्र निर्माण के एजेंडे पर ज़ोर दिया, जो सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने और उन्हें रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय साबित होगा.

### आरोप — अमेरिकी कपास को दी छूट, भारतीयों को घाटा

# टैरिफ से किसान होंगे कर्जदार : केजरीवाल

**नईदिल्ली 28 अगस्त. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से आने वाली कपास पर आयात शुल्क हटाकर किसानों के साथ बड़ा धोखा दिया है.**

केजरीवाल ने आज संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है उस पर 11 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाई जाती थी जिसे मोदी सरकार ने हटा दिया. उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है. उन्होंने कहा पहले जब 11 प्रतिशत शुल्क लगाया जाता था तब उसके मुकाबले भारतीय कपास सस्ती पड़ती थी लेकिन शुल्क हटाने के बाद भारतीय कपास के मुकाबले अमेरिकी कपास सस्ती मिलेगी. शुल्क हटाने के बाद अमेरिकी कपास भारतीय कपास के मुकाबले 15 से 20 रुपये प्रति किलो तक सस्ती हो जायेगी इससे भारतीय किसानों का माल नहीं बिकेगा. यह किसानों के साथ बड़ा धोखा है. उन्होंने कहा कि यह शुल्क फिलहाल 40 दिनों के लिए हटाई गई है जबकि हमारे किसानों का कपास तैयार होकर अक्टूबर तक बाजार में आयेगा. भारतीय कपास के बाजार में आने से पहले 30 सितंबर तक टेक्सटाइल उद्योग कपास ख़रीद चुकी होगी. उन्होंने कहा कि जब भारतीय किसानों का कपास बाज़ार में आयेगा तो उसे कोई ख़रीदार नहीं मिलेगा और किसानों को औने पौने दामों में अपना माल बेचना पड़ेगा. आप नेता ने कहा कि यह गुजरात, पंजाब, विदर्भ, तेलंगाना के किसानों को प्रभावित करेगा. उन्होंने कहा कि इन्हीं इलाकों में सबसे अधिक किसानों के खुदकुशी के मामले आते है. उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमारे ऊपर आयात शुल्क लगाया तो हमें भी कपास पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिए था. लेकिन हमने ऐसा नहीं किया.



## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन 30 अगस्त को

**जयपुर, 28 अगस्त.** राजस्थान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन 30 अगस्त को आयोजित किया जायेगा. एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने गुरुवार को बताया कि यह कार्यक्रम वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कॉलेज में आयोजित किया जायेगा. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री और एक राष्ट्र एक चुनाव के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुनील बंसल होंगे. .

# हेमन्त सोरेन ने एक-एक करोड़ रुपए का चेक परिजनों को सौंपा

**रांची, 28अगस्त. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा में विभिन्न दुर्घटना में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मी कांस्टेबल स्व. अजीत आरक्षी स्व. अनिल कुमार झा एवं राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक स्व. सुशील कुमार मरांडी के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा.**

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी जो सेवा में रहते हुए किसी भी दुर्घटना में दिवंगत हुए हैं उनके परिजनों के साथ हमारी सरकार सदैव खड़ी है. दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया है. इस मौके पर दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया. दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है. मुख्यमंत्री को परिजन धन्यवाद देते हैं.



## कपास पर आयात शुल्क की छूट 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली 28 अगस्त.** केंद्र सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट इस वर्ष 31 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है. वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए, केंद्र सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है. उल्लेखनीय है कि सरकार ने घरेलू वस्त्र उद्योग क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी छूट दी थी.वित्त मंत्रालय ने कहा इस अधिसूचना का पालन किया जाएगा.